# मॉडल प्रश्न–पत्र–I

## कक्षा – दसवीं

## विषय – हिन्दी (201)

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** 1. प्रश्न क्रमांक 1 'अ' 'ब' 'स' 'द' चार खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं। (01×20=20 अंक)

2. प्रश्न क्रमांक 02 से 09 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित हैं। (02×08=16 अंक)

4. प्रश्न क्रमांक 10 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित हैं। (03×08=24 अंक)

5. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल तीन प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 04 अंक निर्धारित हैं। (04×03=12 अंक)

6. प्रश्न क्रमांक 21 से 24 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं। (05×04=20 अंक)

7. प्रश्न क्रमांक 25 निबंधात्मक है, जिस पर 08 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 250 (01×08=08 अंक)

प्रश्न 1. खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1×5=5)**

1. साधू–भूखा होता है –

(अ) भात का (ब) भाव का

(स) सम्मान का (द) रुपया पैसा का

2. नागार्जुन बीज के माध्यम से किसकी बात कर रहे हैं?

(अ) साधारणजन की (ब) अमीर लोगों की

(स) पेड़ की (द) समाज की

3. दियासलाई के स्पर्श से धूपबत्ती नहीं जली क्योंकि –

(अ) वह तिरछी थी (ब) वह टूट गई थी

(स) वह एकदम सीधी थी (द) वह गीली थी।

4. बेवक्त जागने पर क्या होगा? –

(अ) दिन का समय गुजर जायेगा

(ब) आराम मिलेगा

(स) दुनिया के मुकाबले में पिछड़ जाएगा

(द) चिन्ता नहीं रहेगी।

5. सीता कमलमुखी है – इस वाक्य में कौन सी शब्द शक्ति है ?

(अ) अभिधा (ब) लक्षणा

(स) व्यंजना (द) उपरोक्त सभी

**खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** **(1×5=5)**

1. सोरठा छंद ........................छंद का बिल्कुल उल्टा होता है।
2. गाँव का रहने वाला ............कहलाता है।
3. वीरांगना कविता के रचयिता .......................है।
4. 'कर्ण' शब्द का तद्भव शब्द ...................होता है।
5. रसखान .............................के भक्त थे।

**खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए।** **(1×5=5)**

1. किरण बेदी ने बीट बाक्स की स्थापना की।
2. होली के मौसम में गाया जाने वाला गीत फाग गीत कहलाता है।
3. 'आँखे मलना' मुहावरे का अर्थ नींद से जागना होता है।
4. बस चलाने वाले को कंडक्टर कहते है।
5. सामान्य प्रपत्र के लिए 'फार्म' शब्द प्रचलित हैं।

**खण्ड (द) सही जोड़ी बनाइए–** **(1×5=5)**

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (1) मेद्य आए | (1) जयशंकर प्रसाद |
| (2) ठेले पर हिमालय | (2) डॉ. रामदरश मिश्र |
| (3) भक्ति कालीन कवि | (3) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना |
| (4) छायावादी कवि | (4) धर्मवीर भारती |
| (5) सरकारी मकान | (5) सूरदास |

प्रश्न 3. आदिवासी या वनवासी किन्हें कहा जाता है? 2

प्रश्न 4. हिमालय से बार–बार क्या पुकार आ रही हैं? 2

प्रश्न 5. सोरठा छंद का लक्षण लिखिए। 2

प्रश्न 6. किशोरियों की आवाज कैसी है? 2

प्रश्न 7. 'सयानी होना' का क्या अर्थ है? लिखिए। 2

प्रश्न 8. व्यंग्य विधा का अर्थ बताइये। 2

प्रश्न 9. तुलसीदास जी के माता–पिता का नाम लिखिए। 2

प्रश्न 10. भक्तिकाल की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

प्रश्न 11. बांग्लाभाषी यात्री ने बांग्ला भाषा की क्या –क्या विशेषताएँ बताई हैं? 3

प्रश्न 12. ऊतक किसे कहते हैं? लिखिए। 3

प्रश्न 13. रसखान कवि ने काग को भाग्यशाली क्यों माना हैं? 3

प्रश्न 14. बहादुर रात भर भूखा किसलिए रहा ? 3

प्रश्न 15. प्रपत्र की उपयोगिता लिखिए? 3

प्रश्न 16. पाहुन के संदर्भ में दामिनी का क्या तात्पर्य हैं? 3

प्रश्न 17. 'बीती विभावरी जाग री' कविता के आधार पर प्रातःकालीन सौन्दर्य का चित्रण कीजिए? 3

प्रश्न 18 रहीम के अनुसार कौन–कौन सी चीजें दबाने से भी नहीं दबती हैं? 4

अथवा

ऊँचे कुल में जन्म लेने का लाभ कब प्राप्त नहीं होता?

प्रश्न 19. शहरी भागदौड़ की जिन्दगी की तुलना ग्राम्य जीवन से किस प्रकार की गई है?4

अथवा

मानव जीवन के लिए अधिक पानी पीना लाभकारी क्यों हैं?

प्रश्न 20. परियोजना की विशेषताएँ लिखिए? 4

अथवा

परियोजना का स्परुप कैसा होता? लिखिए।

प्रश्न 21. शाला स्थानान्तरण प्रमाण पत्र हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए। 5

अथवा

वार्षिक परीक्षा की तैयारी का विवरण देते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए?

प्रश्न 22. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए? 5

(अ) पेड़ झुक झाँकने लगे, गरदन उचकाए,
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए,
बाँकी चितवन उठा नदी ठिठकी, घूँघट सरके।
मेद्य आए, बड़े बन–ठन के, सँवर के।

अथवा

(ब) मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई।
तात–मात–बंधु, आपनों न कोई।
छांड़ि दई कुल की कानि, कहा करिहै कोई।

प्रश्न 23 निम्नलिखित गद्यांश का सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 6

(अ) सुमित्रा ने आहत दष्टि से बेटे की ओर देखां उसकी आहत दष्टि देखते–देखते रोष से लाल होने लगी। बोली, मैं सब समझती हूँ बनवारी। मैं कल ही गाँव चली जाऊँगी। मुझे पता है कि मैं अधिक दिन जिंदा नहीं रहूँगी। लेकिन जब मरना है तो अपने लिए घिन से भरे इस सरकारी मकान में क्यों मरुँ?

अथवा

(ब) असीम सौन्दर्यराशि हमारे सामने अभी–अभी अपना घूँघट धीरे से खिसका देगी और .........और तब? और तब? सचमुच मेरा दिल बुरी तरह धड़क रहा था। शुक्ल जी शांत थे, केवल मेरी ओर देखकर कभी–कभी मुस्कुरा देते थे, जिसका अभिप्राय था, इतने अधीर थे, कौसानी आया भी नहीं और मुँह लटका लिया।

प्रश्न 24. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 5

मनुष्य के जीवन में जो आदतें बचपन में पड़ जाती हैं, वे किसी न किसी रुप में जीवन भर बनी रहती हैं। इसलिए बचपन से ही मिव्ययिता और बचत की आदतों का विकास आवश्यक हैं। कुछ बालक जेबखर्च के लिए मिले धन से ही बचत करते हैं। पैसा बचाकर अपनी–अपनी गुल्लक जल्दी–जल्दी भरने की उनमें होड़ लगी रहती है। कहा भी गया है कि एक–एक बूँद से सागर भरता है और एक–एक पैसा एकत्र करने से धन संचय होता है, अतः बालकों को ऐसी प्रेरणा की आवश्यकता है, जिससे वे नियमित रुप से बचत करने की आदत डालें और अपने लिए अनुकूल योजना को अपनाकर धन संचय करते रहें।

1. आय का कुछ अंश नियमित बचाना क्यों आवश्यक है?
2. ''बूँद–बूँद से सागर भरता है'' उक्ति किस संदर्भ में कही गई है, और क्यों?
3. मितव्ययिता जीवन में महत्वपूर्ण क्यों हैं?
4. इस अनुच्छेद का सार अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में एक निबंध लिखिए–

1. जल संरक्षण  2. कम्प्यूटर से लाभ  (2+4+2=8)
3. खेल और हम  4. पर्यावरण प्रदूषण